CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 255 ▫ रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### दिल्ली सरकार के खिलाफ साजिश रच रहा है केंद्र, केजरीवाल और आतिशी ने बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मौजूदा सीएम आतिशी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर दिल्ली प्रशासन के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया कि साजिश का उद्देश्य आप सरकार द्वारा किए गए अच्छे काम को बदनाम करना था और इस बात पर जोर दिया कि भाजपा के प्रयास विफल हो गए हैं। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद, हम दिल्ली पीडब्ल्यूडी सड़कों की स्थिति की समीक्षा करने गए। उन्होंने मुझे पीडब्ल्यूडी की सड़कों की मरम्मत और रख-रखाव के संबंध में एक पत्र दिया। इसके तुरंत बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। सीएम ने दावा किया कि आप विधायकों ने एक हफ्ते में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों का निरीक्षण किया। अब 89 में से 74 सड़कों के लिए टेंडर हो गए हैं। शेष 15 सड़कों के लिए निविदा जारी की जा रही है। इस दौरान अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने पीडब्ल्यूडी की सड़कों का नियमित रखरखाव भी बंद कर दिया था। आतिशी जी के साथ मैंने पीडब्ल्यूडी की सड़कों की स्थिति की समीक्षा की। इस पर मैंने आतिशी जी को पत्र भी लिखा था।

### कांग्रेस ने फिर साधा मोदी सरकार पर निशाना, पूछा- जनगणना में देरी क्यों कर रहे हैं पीएम

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** जनगणना में हो रही देरी को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने साफ तौर पर कहा कि केवल जाति गणना के माध्यम से ही शिक्षा और रोजगार में पूर्ण और सार्थक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि अपने राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक उथल-पुथल के बीच, श्रीलंका ने अभी घोषणा की है कि 2012 में की गई उसकी नवीनतम जनसंख्या और आवास जनगणना सोमवार से शुरू होगी। रमेश ने एक्स पर लिखा कि राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक उथल-पुथल के बीच श्रीलंका ने अभी घोषणा की है कि अपडेटेड जनसंख्या एवं आवास जनगणना आज से शुरू होगी। 2012 में वहां आख़िरी बार जनगणना हुई थी। भारत में इसे लेकर क्या हो रहा है? दशकीय जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन अभी भी इसके होने के कोई संकेत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी भी 2011 की जनगणना से प्राप्त डेटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से 10 करोड़ से अधिक भारतीयों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013/प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित किया जा रहा है।

### जरूरत नहीं भी पड़ी तब भी पीडीपी को लेंगे साथः फारूक

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर हमें जरूरत नहीं भी पड़ी तब भी हम (पीडीपी का) साथ लेंगे क्योंकि हमें इकट्ठे चलना है। इस रियासत को बचाने लिए सबको कोशिश करनी है। मैं उनका(महबूबा मुफ़्ती) दिल से शुक्रिया करता हूं। हम लोग इकट्ठे रियासत को बनाने की कोशिश करेंगे। इससे पहले श्रीनगर के लाल चौक विधानसभा क्षेत्र से पीडीपी के उम्मीदवार जुहैब युसूफ मीर ने संकेत दिए थे कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए उनकी पार्टी कांग्रेस-नेकां गठबंधन में शामिल हो सकती है और यह भी कहा था कि वह कश्मीर की पहचान को बचाने के लिए इकट्ठे हो सकते हैं कि जहां तक एग्जिट पोल का संबंध है तो वह गंभीर नहीं है, यह एक टाइम पास गतिविधि है। बीजेपी के साथ जाने की खबरों पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा के साथ नहीं जाएंगे।




चूहा- सुनती हो, अभी हरियाणा का रिजल्ट ही नहीं आया है और मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए कांग्रेस में गुत्थमगुत्थी शुरू हो गई है।
चुहिया- हां जी, मुख्यमंत्री की कुर्सी में मलाई जो लगी है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले 6 बच्चों को पिकअप ने रौंदा

## 2 की हालत नाजुक, पिकअप जब्त, ड्राइवर फरार



**जांजगीर-चांपा, 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।** जांजगीर-चांपा जिले में आज सोमवार को बड़ा हादसा हुआ। मॉर्निंग वॉक पर निकले 6 बच्चों को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दो बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। फौरन घायल बच्चों को पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल बच्चों को बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

घायलों मे प्रधान सुंदर दास उम्र 12 वर्ष, प्रभात प्रधान उम्र 14 शामिल है। जिन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। वहीं संजू कुमार को कर्ष हॉस्पिटल पामगढ में भर्ती कराया गया है। बाकी 3 लोगों को मामूली चोट आई है। पिकअप का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपित ड्राइवर की तलाश कर रही है और पिकअप को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार घायल सभी बच्चे पामगढ़, कुटराबोर्ड इलाके के रहने वाले हैं।

# चेन्नई में एयर शो के दौरान उमड़ी भारी भीड़, दम घुटने से पांच की मौत

## 100 लोग अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** चेन्नई के मरीना एयर फील्ड में हुए एयर शो के दौरान भारी भीड़ उमड़ी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयर शो के दौरान दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोगों की गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक व्यक्ति की मौत हीट स्ट्रोक के चलते हुई है।

अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने आज तमिलनाडु के चेन्नई मरीना एयरफील्ड में एक एयर एडवेंचर शो का आयोजन किया था। 21 सालों में पहली बार चेन्नई ने वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी की थी। उमस भरी गर्मी के बीच हजारों की संख्या में लोग एयर शो देखने पहुंचे थे। एयर शो में करीब 15 लाख लोगों ने शिरकत की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एयर शो खत्म होने के बाद भीषण गर्मी के चलते कई लोग बेहोश हो गए। इन लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में वी कार्तिकेयन (34), डी. जॉन (56), श्रीनिवासन, दिनेश कुमार शामिल हैं। एक व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है। दोपहर को शो खत्म होने के बाद मरीना एयर फील्ड से भारी भीड़ निकली। इसके चलते सड़कें, मेट्रो और रेलवे स्टेशन खचाखच भरे नजर आए।

लोगों का कहना है कि यातायात अधिकारियों की लचर व्यवस्था के चलते लाखों लोगों को मरीना बीच से निकलने में दिक्कत हुई और जगह-जगह लोग जाम में फंस गए। कार्यक्रम स्थल पर पानी की कोई व्यवस्था न होने के चलते भी लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कत हुई और सैकड़ों लोगों की तबीयत खराब हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मरीना एयर फील्ड पर एयर शो के दौरान ही एक महिला की हालत बिगड़ गई। महिला को भीड़ के बीच एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

**सुबह 11 बजे से ही जमा हो गए थे लोग**

सुबह 11 बजे से पहले ही उत्साही लोग मरीना बीच पर जमा हो गए थे। इनमें से कई ने छाते से खुद को चिलचिलाती धूप से बचाने की कोशिश की। एयर शो की शुरुआत भारतीय वायुसेना के विशेष गरुड़ बल के कमांडो द्वारा एक कृत्रिम बचाव अभियान और बंधक को मुक्त कराने में अपने साहसिक कौशल का प्रदर्शन करके हुई।

# कोच कूलिंग नहीं होने पर ट्रेन यात्रियों ने किया हंगामा



**बिलासपुर, 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर पहुंचने के बाद भी ट्रेन बिना सुधार के रवाना हो रही थी। उसी समय यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। बाद में एसी स्टाफ पहुंचा और सुधार किया। इसके बाद यात्रियों की नाराजगी दूर हुई और ट्रेन करीब 50 मिनट विलंब से रवाना हुई। यह ट्रेन 11 घंटे विलंब से चल रही थी। इतनी देर से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। यात्री एक तो लेटलतीफी से परेशान थे और ऊपर से एक कोच का एसी का काम नहीं कर रहा था। इसके चलते यात्रियों की नाराजगी बढ़ गई। सफर में टीटीई को जानकारी दी गई।

टीटीई ने संबंधित अलग- अलग स्टेशनों में कंट्रोल को जानकारी दी। लेकिन, एक भी स्टेशन में सुधार करने के लिए स्टाफ नहीं पहुंचा। बिलासपुर में भी ट्रेन इसी स्थिति में रवाना हुई। ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म से छूटने लगी चेन पुलिंग हुई और ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी हो गई। दो से तीन बार ट्रेन रूकने से रेल अमला हरकत में आया। जिस कोच में चेन पुलिंग हुई, वहां पहुंचे तो यात्री हंगामा कर रहे थे। उनसे वजह पूछने पर यात्रियों ने एसी की समस्या की जानकारी दी। जिस पर स्टाफ को भेजा गया। उसने सुधार किया और फिर कोच कुलिंग होने लगा। इसके बाद ही यात्रियों का गुस्सा शांत हुआ और फिर ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई।

# 5 दिन से गायब बच्चे का घर के करीब मिला शव

## नरबलि की आशंका, पुलिस संदेहियों से कर रही पूछताछ



**बलरामपुर, 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।** वाड्रफनगर ब्लॉक के तोरफा गांव में घर के सामने से रहस्यमय तरीके से गायब हुए 10 वर्षीय मासूम का शव पांचवें दिन मिला है. बच्चे का शव घर से करीब 500 मीटर दूरी पर नदी किनारे सिर काटा हुआ बरामद हुआ है. बच्चे का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह पूरा मामला बलंगी पुलिस चौकी का है. वहीं इस मामले में ग्रामीण नरबलि की आशंका जता रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, बलरामपुर के तोरफा गांव में पांच दिन पहले एक 10 वर्षीय बालक अपने घर के सामने से अचानक गायब हो गया था. जिसकी खोजबीन परिजनों ने आस-पास के इलाकों में की. लेकिन बच्चा नहीं मिला. जिसके बाद मामले की शिकायत परिजनों ने बलंगी पुलिस चौकी में की. शिकायत मिलते ही पुलिस मामले में जुट गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली. वहीं आज सुबह बच्चे का शव घर से करीब 500 मीटर दूरी पर नदी किनारे मिला है. बच्चे का सिर काटा हुआ शव बरामद किया गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है. वहीं घटनस्थल पर पुलिस के आलाधिकारी भी पहुंचे हुए हैं. इस मामले में एसडीओपी राम अवतार ध्रुव ने बताया कि एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. उन्होंने कहा कि संदिग्धों से पूछताछ जारी है और पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# हरियाणा में कौन बनेगा मुख्यमंत्री ? नतीजों से पहले ही कांग्रेस में शुरू हुई लॉबिंग

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने में 24 घंटे से भी कम समय बचा है। ज्यादातर एग्जिट पोल के मुताबिक, कांग्रेस राज्य में सरकार बना सकती है। हालांकि, पार्टी में मुख्यमंत्री को लेकर अंदरूनी कलह जारी है। इसको लेकर कई दावेदार सामने आ रहे हैं। कई दावेदारों के बीच से एक मुख्यमंत्री का नाम निकालना और पार्टी की अंदरूनी कलह की समस्या को रोकना आलाकमान के लिए एक बड़ी चुनौती है। यही कारण है कि सभी बड़े नेता अपने-अपने गुट के प्रत्याशियों को साधने की कोशिश में लग गए हैं। एग्जिट पोल आने के बाद कांग्रेस खेमे में अगला मुख्यमंत्री तय करने के लिए जोर-शोर से बातचीत शुरू हो गई। सीएम पद के उम्मीदवारों में राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुडा, उनके बेटे और लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुडा, राज्यसभा सांसद और एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और हुडा के वफादार राज्य कांग्रेस प्रमुख उदय भान शामिल हैं।

**जम्मू-कश्मीर व हरियाणा के परिणाम कल**

जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुए थे जिसका परिणाम कल सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगा। दोनों ही राज्यों को लेकर विभिन्न अटकले सामने आ चुकी है लेकिन अंतिम परिणाम कल सुबह से देखने को मिलेगा।

### दिल्ली की कोर्ट से लालू-तेजस्वी और तेज प्रताप को राहत, एक लाख के निजी मुचलके पर मिली जमानत

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू केस ने सोमवार को तीनों को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि आरोपियों को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था। मामले की अगली सुनवाई 25 अक्तूबर को होगी। जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू, तेजस्वी, तेज प्रताप समेत 8 आरोपियों की पेशी हुई। इसमें अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह और किरण देवी शामिल थे।

# आदतन बदमाश को मोहल्ले के लोगों पीट-पीट कर मार डाला, 30 से अधिक लोग हिरासत में



**भिलाई, 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के शीतला पारा हथखोज में रविवार की देर रात मोहल्ले के लोगों ने एक आदतन बदमाश आशिक विश्वकर्मा की पीट-पीट कर हत्या कर दी। आशिक विश्वकर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने 30 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार आशिक विश्वकर्मा अपने कुछ साथियों के साथ रविवार की रात को शीतला पारा हथखोज में गया था। वहां पर वह मोहल्ले वालों से गाली गलौज कर रहा था और धमका रहा था। उसकी हरकतों से परेशान मोहल्ले वालों ने आशिक विश्वकर्मा और उसके साथियों पर हमला बोल दिया। आशिक विश्वकर्मा आदतन बदमाश है और उसके खिलाफ मारपीट सहित अन्य अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि आशिक विश्वकर्मा हाल ही में जेल से छूटा था। जेल से छूटते ही उसने फिर से क्षेत्र में विवाद और गुंडागर्दी शुरू कर दी थी। जिसके चलते मोहल्ले वाले काफी ज्यादा परेशान थे।

# मालदीव में रूपे कार्ड से भुगतान की शुरुआत पीएम मोदी बोले- यूपीआई से भी जुड़ेंगे दोनों देश




**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** मालदीव में रूपे कार्ड से भुगतान की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू इस तरह के पहले लेनदेन के गवाह बने। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले मालदीव में रूपे कार्ड लॉन्च किया गया। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के जरिए जुड़ जाएंगे।

इसके अलावा दोनों ने मालदीव में हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। भारत ने उसके सहयोग से निर्मित 700 से अधिक सामाजिक आवास इकाइयां भी मालदीव को सौंपीं। इसके साथ भारत और मालदीव के बीच कई अहम समझौते हुए। सभी फैसले, शिलान्यास और उद्घाटन पीएम मोदी और मोइज्जू की हैदराबाद हाउस में बैठक के बाद लिए गए।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। भारत, मालदीव ने अड्डू में भारतीय वाणिज्य दूतावास और बेंगलुरु में मालदीव वाणिज्य दूतावास खोलने पर चर्चा की। इसके अलावा एकथा हार्बर प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। इंडियन ओसियन रीजन में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में फाउंडिंग मेंबर के रूप में जुड़ने के लिए मालदीव का स्वागत है। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि सरकारी बॉण्ड को आगे बढ़ाने तथा मुद्रा की अदला-बदली के समझौते पर हस्ताक्षर समेत उदारतापूर्वक की गई सहायता के लिए भारत का आभार जताता हूं। मालदीव में भारतीय निवेश बढ़ाने के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए उत्साहित हूं। मालदीव के लिए भारत सबसे बड़ा पर्यटन का स्रोत है और अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद है।

### आईसीयू में भर्ती होने के दावों का खुद रतन टाटा ने किया खंडन; कहा- मैं बिल्कुल ठीक, गलत सूचना न फैलाएं



**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)।** टाटा समूह के दिग्गज रतन टाटा की अचानक तबीयत बिगड़ने की बात गलत निकली। उन्होंने खुद इन दावों का खंडन किया है। उन्होंने अपने आईसीयू में भर्ती होने के दावों को अफवाह करार दिया है। आईसीयू में भर्ती होने के दावों का खुद खंडन करते हुए रतन टाटा ने कहा, मैं अपने स्वास्थ्य के बारे में हाल ही में फैल रहीं अफवाहों से अवगत हूं। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये दावे निराधार हैं। मैं फिलहाल अपनी उम्र और सेहत संबंधी जरूरी चिकित्सा जांच करवा रहा हूं। चिंता का कोई बात नहीं है। मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। आपसे अनुरोध करता हूं कि जनता और मीडिया गलत सूचना फैलाने से बचें।

इससे पहले खबरें आईं कि उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद चेयरमैन को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दावा किया गया कि उनका ब्लड प्रेशर अचानक काफी गिर गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया और आईसीयू में रखा गया। हालांकि, कुछ ही देर बाद खुद रतन टाटा ने इन अफवाहों को निराधार करार दिया। रतन नवल टाटा, एक भारतीय व्यापारी, निवेशक, दानवीरऔर टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष हैं।

CMYK